भारत सरकार
रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1779

जिसका उत्तर मंगलवार, 4 अगस्त, 2026/13 श्रावण, 1948 (शक) को दिया जाना है।

नैनो उर्वरक क्षेत्र में आत्मनिर्भरता

1779. श्री प्रदीप कुमार वर्मा:

क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार द्वारा उर्वरक उपयोग की दक्षता बढ़ाने तथा आयात पर निर्भरता कम करने के उद्देश्य से नैनो उर्वरकों को बढ़ावा दिया जा रहा है;
(ख) यदि हां, तो देश में अब तक स्थापित नैनो उर्वरक उत्पादन क्षमता तथा वास्तविक उत्पादन का ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार द्वारा किसानों के बीच नैनो उर्वरकों के उपयोग को प्रोत्साहित करने हेतु विशेष कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) से (घ): देश भर के किसानों के बीच नैनो उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए, सरकार द्वारा निम्नलिखित उपाय किए गए हैं:

- नैनो यूरिया के उपयोग को विभिन्न गतिविधियों जैसे जागरूकता शिविरों, वेबिनार, क्षेत्रीय प्रदर्शनों, किसान सम्मेलनों और क्षेत्रीय भाषाओं में फिल्मों आदि के माध्यम से बढ़ावा दिया जाता है।

- नैनो यूरिया और नैनो डीएपी जैसे नैनो उर्वरक संबंधित कंपनियों द्वारा प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्रों (पीएमकेएसके) पर उपलब्ध कराए जाते हैं।

- पर्ण अनुप्रयोग के माध्यम से नैनो यूरिया और नैनो डीएपी जैसे नैनो उर्वरकों के सहज अनुप्रयोग और उपयोग के लिए, 'किसान ड्रोन' जैसे अभिनव छिड़काव विकल्प और खुदरा बिक्री केन्द्रों पर बैटरी संचालित स्प्रेयर के वितरण जैसी पहल की गई हैं। इस उद्देश्य के लिए, ग्राम स्तर के उद्यमियों के माध्यम से पायलट प्रशिक्षण और किराये पर (कस्टम हायरिंग) छिड़काव सेवाओं को सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाता है।

राज्य सरकारों द्वारा किए गए उपाय:

- गुजरात सरकार इन उन्नत उर्वरकों को अपनाने को बढ़ावा देने के लिए किसानों को एक विशेष सहायता पहल के तहत नैनो उर्वरकों पर 50% सब्सिडी प्रदान करती है।

- राजस्थान सरकार नैनो उर्वरकों के छिड़काव के लिए छिड़काव लागत पर 50% की सब्सिडी प्रदान करती है।

- उत्तराखंड सरकार ने केंद्र प्रायोजित स्कीमों (एटीएमए, एनएफएसएम और मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता) और राज्य प्रायोजित स्कीमों (मुख्यमंत्री राज्य विकास स्कीम और राज्य अन्नश्री (मिलेट) नीति) के तहत प्रदर्शनों में नैनो उर्वरकों के उपयोग को अनिवार्य कर दिया है।

- ओडिशा सरकार निम्नलिखित राज्य सरकार की स्कीमों के तहत नैनो उर्वरकों के उपयोग के लिए वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है:

क्र .सं.	स्कीम	क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	नैनो उर्वरक	प्रोत्साहन (रु./ हेक्टेयर)
1	एनएफएसएनएम (खाद्य अनाज) 2026-27	4126	नैनो यूरिया	500
		2093	नैनो डीएपी	1000
2	दालों में आत्मनिर्भरता के लिए मिशन 2026-27	15625	नैनो डीएपी	1000
3	मुख्यमंत्री मक्का मिशन (राज्य योजना) 2026-27	9000	नैनो डीएपी	1000
		1500	नैनो यूरिया	1000
		50	नैनो यूरिया	500
4	कपास पर प्रौद्योगिकी मिशन (राज्य योजना) 2026-27	5000	नैनो डीएपी	1200
5	आईएपी पल्स (राज्य योजना)	7590	नैनो डीएपी	1000

नैनो उर्वरक उत्पादकों द्वारा किए गए उपाय:

- नैनो उर्वरक उत्पादकों ने प्रमुख कृषि राज्यों में नैनो उर्वरकों को अपनाने को प्रोत्साहित करने के लिए व्यापक जागरूकता और प्रचार गतिविधियां शुरू की हैं। इनमें किसानों की बैठकें, फसल सेमिनार, फील्ड प्रदर्शन, फील्ड दिवस और उत्पाद उपयोग, पोषक तत्वों की दक्षता, लागत लाभ और फसल प्रदर्शन पर किसानों को शिक्षित करने के लिए संस्थागत परीक्षण शामिल हैं।
- नैनो उर्वरक उत्पादकों ने नैनो उर्वरकों के सही उपयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रसार कार्यकर्ताओं, खुदरा विक्रेताओं और अन्य हितधारकों के लिए अनुसंधान, फील्ड परीक्षण और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए आईसीएआर संस्थानों, कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके), राज्य कृषि विश्वविद्यालयों और राज्य कृषि विभागों के साथ भी भागीदारी की है।

- जागरूकता को और बढ़ाने के लिए, कंपनियों ने टेलीविजन अभियान, किसान मेलों, कृषि प्रदर्शनियों, भित्ति चित्रों, होर्डिंग, डीलर प्रदर्शन, मोबाइल अभियान, मुद्रित साहित्य और यूट्यूब और फेसबुक जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग किया है। किसान गोष्ठियों, विकसित भारत संकल्प यात्रा गतिविधियों और ग्राम-स्तरीय अभियानों सहित विशेष जनसंपर्क (आउटरीच) कार्यक्रम भी आयोजित किए गए हैं।
- इफको और कोरोमंडल इंटरनेशनल लिमिटेड (सीआईएल) जैसे उत्पादकों ने सूचित किया है कि बातचीत और प्रशंसापत्रों के माध्यम से किसानों की प्रतिक्रिया एकत्र की गई है। कंपनियों के अनुसार, किसानों ने आम तौर पर नैनो उर्वरकों के बारे में सकारात्मक अनुभव की सूचना दी है और उनका उपयोग जारी रखने की इच्छा दिखाई है।

इनकी शुरूआत से लेकर 29.07.2026 तक देश में स्थापित की गई नैनो उर्वरक उत्पादन क्षमता और नैनो उर्वरकों हुआ वास्तविक उत्पादन **अनुलग्नक** के रूप में संलग्न है।

*****

अनुलग्नक

यह अनुलग्नक दिनांक 04.08.2026 के राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं. 1779 के उत्तर के भाग (क) से (घ) तक के लिए है।

क्रम.सं.	कंपनी का नाम	नैनो उर्वरक का नाम	उत्पादन शुरू होने की तारीख	संस्थापित क्षमता (संयुक्त/उत्पादों के बीच अंतरपरिवर्तनीय (प्रत्येक 500 मि.ली की लाख बोतलें)	शुरुआत से 30.06.2026 तक उत्पादन (500 मि.ली की लाख बोतलें)
1	कोरोमंडल इंटरनेशनल लिमिटेड (काकीनाडा, आंध्र प्रदेश में स्थित)	नैनो डीएपी (2:5:0:0)	10.09.2023	200	194.96
		नैनो डीएपी (8:18:0:0)	18.05.2026		2.18
		नैनो यूरिया (500 मि.ली.)	28.09.2024		7.38
		नैनो यूरिया (1लीटर)	29.03.2026		0.36
2	इफको (इकाइयाँ कलोल, गुजरात; फूलपुर और आंवला, उत्तर प्रदेश; बेंगलुरु, कर्नाटक में स्थित हैं)	नैनो यूरिया 4%	01.08.2021	2900	1510.37
		नैनो यूरिया प्लस 20%	10.05.2024		
		नैनो डीएपी	21.04.2023		251.19
		नैनो सूक्ष्म पोषक तत्व (नैनो जिंक और नैनो कॉपर)	–		–
3	मेघमणि क्रॉप न्यूट्रिशन लिमिटेड (अहमदाबाद, गुजरात में स्थित)	नैनो यूरिया	13.03.2024	500	7.5
		नैनो डीएपी	01.07.2026	300	0.225
		नैनो एनपीके	01.08.2026	100	0
		नैनो जिंक	15.08.2026	50	0
4	नैनो फर्टिलाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड (गोहद, भिंड, मध्य प्रदेश में स्थित)	नैनो यूरिया (27%)	01.05.2026	320	1.93
		नैनो डीएपी (8:18:0:0)	01.05.2026	170	0.56

क्रम.सं.	कंपनी का नाम	नैनो उर्वरक का नाम	उत्पादन शुरू होने की तारीख	संस्थापित क्षमता (संयुक्त/उत्पादों के बीच अंतरपरिवर्तनीय) (500 मि.ली की लाख बोतलें)	शुरुआत से 30.06.2026 तक उत्पादन (500 मि.ली. की लाख बोतलें)
5	**प्रोटो9 मटेरियल्स प्रा. लिमिटेड (भुसावल, महाराष्ट्र में स्थित)**	नैनो जिंक (तरल)	23.06.2026	180	0.50
		नैनो फॉस्फोरस 3% (तरल)	16.06.2026		0.42
		नैनो एनपीके (6:7:5) (तरल)	16.06.2026		0.42
6	**राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (आरसीएफ) (ट्रॉम्बे, महाराष्ट्र में स्थित)**	नैनो यूरिया	01.02.2025	540	5.19
7	**रे नैनो साइंस एंड रिसर्च सेंटर (आनंद, गुजरात में स्थित)**	नैनो यूरिया एन5	22.06.2023	450	8.41
		नैनो यूरिया एन 16	27.03.2026		0.24
		नैनो डीएपी	01.05.2026		0.016
		नैनो एनपी	05.05.2026		0.0006
8	**द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट (टीईआरई) (बठिंडा, पंजाब में स्थित)**	नैनो फॉस्फोरस	11.05.2024	60	10.37
9	**ज़ुआरी फ़ार्महब लिमिटेड (पीपीएल) (बठिंडा, पंजाब में स्थित)**	नैनो डीएपी	30.05.2024	24	46.14
		नैनो यूरिया	30.05.2024	6	11.12
	कुल			**5800**	**2059.48**